# 40 मवेशियों को ले जा रहे दो वाहन किए जब्त

▶ केसला पुलिस ने की कार्रवाई, 6 आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 23 मई.केसला पुलिस ने शुक्रवार देर रात हाईवे-46 पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वाहनों से लगभग 40 मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ले जाते हुए पकड़ा. पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है. सभी मवेशियों को सुरक्षित केसला गौशाला में रखा गया है.**

थाना प्रभारी मदन सिंह पवार ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान केसला पेट्रोल पंप के पास औबेदुल्लागंज-बैतूल एनएच-46 पर बनवारी के खेत के पास दो संदिग्ध वाहन खड़े दिखाई दिए. पुलिस टीम ने जब वाहन चालकों से पूछताछ की तो उन्होंने ट्रकों में पशु भरे होने की बात स्वीकार की. आरोपियों के पास पशुओं को ले जाने संबंधी कोई वैध दस्तावेज या परमिट नहीं था. जांच के दौरान, पहले आयशर ट्रक से 10 पाड़ा, 6 पड़िया, 4 भैंस और एक मृत पाड़ा बरामद हुआ. पुलिस के अनुसार, मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर भरा गया था और उनके मुंह बांधे गए थे. इन पशुओं को भोपाल के कत्लखाने ले जाया जा रहा था. इस मामले में पुलिस ने इटारसी निवासी शेखर भाट, बैतूल के सोनाघाटी निवासी बनानाथ और जितेंद्र नाथ को गिरफ्तार किया.



इसी तरह, दूसरे वाहन से 10 पाड़ा, 2 पड़िया और 7 भैंस बरामद की गईं. इस वाहन में भी पशुओं को अमानवीय तरीके से भरकर ले जाया जा रहा था. दूसरे मामले में इटारसी के न्यास कॉलोनी निवासी संजू नायक, बैतूल के चिचोली थाना क्षेत्र के कटकुड़खाना निवासी शंकर उर्फ शेखर मेढकर और ग्राम गढ़ा निवासी रितेश चौहान को गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है. पुलिस इस पूरे नेटवर्क और पशुओं की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य लोगों की भी गहन जांच कर रही है.

## हमले के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**इटारसी, 23 मई.** विगत दिनों फोरलेन स्थित यादव ढाबे के संचालक भाजपा पार्षद पुत्र आकाश यादव पर विगत दिनों कुछ युवकों द्वारा हमला कर गंभीर कर घायल कर दिया था.शनिवार को न्यायालय ने एक आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी.

शनिवार को आरोपी की जमानत अर्जी आरोपी के वकील द्वारा पेश की गई थी. पीड़ित की तरफ से शासकीय अधिवक्ता भूरे सिंह भदौरिया द्वारा आरोपी की जमानत याचिका पर घोर आपत्ति दर्ज करते हुये आरोपी को जमानत नहीं देने की बात न्यायालय के समक्ष रखी.इसके बाद न्यायालय ने गोल्डी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है.इस मामले में भूरे सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपी गोल्डी द्वारा जिस तरह की गुंडागर्दी दिखाई थी,वह माफी के लायक नहीं है.मामले की गंभीरता को देखते हुये न्यायालय ने पूरी बाते सुनने के बाद जमानत याचिका को खारिज कर दिया.

# जांच से असंतुष्ट आदिवासी संगठन आज करेंगे पुतला दहन

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 23 मई. वन विभाग द्वारा दो चौकीदारों को पीड़ित करने के मामले की जांच से असंतुष्ट आदिवासी संगठनों ने इटारसी में बैठक कर 24 मई को एसडीओ अनिल विश्वकर्मा और वन विभाग का पुतला दहन सुखतवा चौराहे पर करने का निर्णय लिया है.**

गौरतलब है कि विगत दिनों नर्मदापुरम जिला मुख्यालय पर कलेक्टर गेट के सामने आदिवासी संगठनों ने 24 घंटे बैठकर धरना प्रदर्शन किया था. जांच के लि कलेक्टर ने एसआईटी गठित की थी,जिसके बाद धरना समाप्त हुआ था. शुक्रवार को संगठनों की पहली बैठक अधिकारियों के साथ हुई. आदिवासी संगठन प्रशासन द्वारा प्रस्तुत तथ्यों पर असहमत हुए .शनिवार को इटारसी में समस्त सामाजिक संगठनों के प्रमुखों की बैठक बुलाई गई. इसमें हमारा गांव संगठन के दुर्गेश धुर्वे ने बताया कि वन विभाग द्वारा पीड़ित दो चौकीदार के संबंध में कलेक्टर द्वारा गठित एसआईटी की बैठक अचानक शुक्रवार को एडीएम के चैम्बर में रखी गई,जहां वन विभाग द्वारा बनाए झूठे केस को आधार बनाकर जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है. कमेटी के सदस्य दुर्गेश एवं दुलेश ने आपत्ति दर्ज करते हुए कई बार कहा कि वन विभाग के खिलाफ ही लड़ाई है, इसलिए उस केस को अलग कर निष्पक्ष जांच करवाएं एवं पीड़ितों के बयान भी पुन: गठित समिति के समक्ष हो. परंतु शासकीय अधिकारियों ने सभी तथ्यों को सामने रखा, जिससे नाराज़ होकर संगठन के प्रतिनिधियों ने टीप में लिखा हम जांच के निर्णय से संतुष्ट नहीं है

## नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

**हरदा, 23 मई.** धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत ग्राम पंचायत मोरगढ़ी में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का शुभारंभ हरदा के चिकित्सक डॉ. आदर्श शुक्ला ने किया. इस दौरान 50 से अधिक मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया तथा दवाइयों का वितरण किया गया. शिविर में डॉ. आदर्श शुक्ला, रंजीत सिंह राजपूत, हरिओम राजपूत, अमीषा विश्वास, आइशा खान, वर्षा मंडराई एवं नर्सिंग स्टाफ ने अपनी स्वास्थ्य सेवाएं दी. मोरगढ़ी के सरपंच मिश्रिलाल कलमे, सचिव रामनारायण राजपूत, मंडल संयोजक जनजातीय कार्य विभाग राम भरोस भलावी सहित अन्य जनर्प्रतिनिधि उपस्थित थे. इस अवसर पर सरपंच कलमे ने कहा कि ऐसे शिविरों से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलती है. डॉ. आदर्श शुक्ला ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया.

## एक नजर में

### फिरौती मांगने के दो और आरोपी पकड़ाये

**पिपरिया, 23 मई .** व्यापारी सचिन जायसवाल से 15 मई को फिरौती मांगने, फायर करने व धमकाने वाले 8 आरोपियों में से फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है . मंगलवारा टीआई गिरीश त्रिपाठी के निर्देशन में फरार आरोपी करनपुर्विया पिता हरिराम पुर्विया, निवासी करनपुर थाना सोहागपुर और अंकित पुर्विया पिता तखतसिंह पुर्विया निवासी हथवांस को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया . जहां से दो दिनों के लिये रिमांड पर लिया . टीआई गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि एक आरोपी और फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है . पूर्व में जीतू उर्फ जितेन्द्र राजपूत, आमीरखान, शाहिद उर्फ भूरा कबाड़ी, संजू उर्फ संजय ओंकार को गिरफ्तार कर किया जा चुका है . कार्रवाही में एसआई मानिकसिंह बट्टी,प्रधान आरक्षक प्रकाशडक्षसह, मनोज सोनी,आरक्षक मोहसिनखान,दीपक लोधी की विशेष भूमिका रही .

### राजीव गांधी को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**पिपरिया, 23 मई .** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम हथवांस की बड़ी बाखर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई . अध्यक्षता कौशल शाह ने की . शाह ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था लागू कर सत्ता को गांव की चौपाल तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य किया . ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र दुबे ने कहा कि ऐसे महान सपूत को हम नमन करते हैं . वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय कटकवार, फहीम अब्दुल्ला,चौधरी कमलेश सिंह, महेश मौर्य,हर्ष लता राजपूत,विनोद नायक एवं हरीश बेमन ने भी संबोधित किया . मीना शाह,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शरद चौधरी,राकेश शर्मा, अमित वर्मा ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए . संचालन पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हरीश बेमन ने किया .आभार हथवांस मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप पटेल ने माना . इस अवसर पर गोपालसिंह राजपूत, विनोद नायक,मंडलम अध्यक्ष दिलीप पटेल, पंचायत कमेटी अध्यक्ष पवन राय उपस्थित थे .इस अवसर पर हथवांस पंचायत कमेटी का गठन किया गया . ब्लॉक अध्यक्ष नरेन्द्र दुबे ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया .

### माहेश्वरी सेवा मंडल के अध्यक्ष बने गोविंद झंवर

**पिपरिया, 23 मई .** माहेश्वरी सेवा मंडल के चुनाव पर्यवेक्षक ब्रजरत्न काबरा व महेश मालपानी की उपस्थिति में हुए । माहेश्वरी सेवा मंडल के चुनाव अधिकारी धर्मेन्द्र बल्दुआ,सहायक चुनाव अधिकारी हरीश मालपानी थे . चुनाव में अध्यक्ष गोविंद झंवर को बनाया गया . वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुरलीमनोहर तापडिया ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव नवीरा, संगठन मंत्री प्रदीप चांडक,सहसचिव हरीश जावंधिया,कोषाध्यक्ष राकेश जावंधिया बने . इस दौरान जिला सदस्यों में संजय भूतडा व राजेन्द्र मनिहार, दिनेश साबू व कृष्णगोपाल नवीरा चुने गये . सचिव निर्मल गोदानी बने . चुनाव में 384 मतदाताओं में 353 मतदाताओं ने मतदान किया .

### महिलाओं की सोने की चेन व मंगल सूत्र चोरी

**पिपरिया, 23 मई .** रेलवे फाटक के पास श्रीमद् भागवत कथा के दौरान दो महिलाओं के गले से सोने की चैन व मंगल सूत्र चोरी हो गए . मंगलवारा थाना में निर्मला साहू पति लक्ष्मी नारायण साहू उम्र 70 वर्ष निवासी आजाद वार्ड ने पुलिस को बताया कि शाम 6 .30 बजे मे घर से जब निकली थी, तब मेरे गले में डेढ़ तोले की सोने की चेन थी . जब कथा सुनने के बाद प्रसाद ग्रहण किया तब सोने की चेन नहीं थी . निर्मला साहू ने बताया कि भागवत कथा में नन्ही बाई वर्मा निवासी नर्मदा पुरम का भी मंगल सूत्र चोरी हुआ है . चेन व मंगल सूत्र की कीमत 3 लाख 50 हजार रुपए है .

### 25-26 को डाकघरों में विशेष आधार अभियान

**नर्मदापुरम, 23 मई .** भारतीय डाक विभाग द्वारा 25 एवं 26 मई को नर्मदापुरम संभाग के विभिन्न डाकघरों में विशेष आधार अभियान चलाया जाएगा. अभियान के तहत नया आधार नामांकन, आधार अपडेट, बायोमेट्रिक, मोबाइल नंबर एवं ई-मेल लिंकिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी . सभी आधार केंद्र सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक तथा प्रधान डाकघरों में रात 8 बजे तक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी . नागरिकों से नजदीकी डाकघर पहुंचकर लाभ लेने की अपील कीं .

### ट्रक की चपेट में आने से बालक की मौत

**पिपरिया, 23 मई .** हथवांस तिगड्डा-सिलारी मार्ग पर अस्थाई रपटे पर ट्रक की टक्कर से एक बालक की मौत हो गई . बाइक से सांगाखेड़ा से बनखेड़ी कामती जा रहे बाइक सवार को ट्रक चालक ने टक्कर मार दी . इस हादसे में अमन पिता मुकेश यादव उम्र 8 वर्ष की मौत हो गई . राशि पिता लखनलाल यादव उम्र 11 वर्ष, मुकेश यादव को साधारण चोटे आई हैं . राशि ने बताया कि वह मामा के साथ बनखेड़ी कामती जा रहे थे . घटना की सूचना मिलते ही सिलारी चौकी के एएसआई नरेन्द्रसिंह तोमर न`घायलों को शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया . पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है .

# 21 ग्रामों में आयोजित हुई जनसुनवाई

▶ जनसुनवाई में समस्याओं का हुआ निराकरण

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 23 मई. सिवनी मालवा विकासखंड के सभी 21 ग्रामों में 21 से 23 मई तक 'सबसे पहले सबसे दूर जनभागीदारी अभियान' के अंतर्गत विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए गए. अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की समस्याओं को गांव स्तर पर सुनकर उनका त्वरित निराकरण करना रहा.**



जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं. इस दौरान राजस्व, पेयजल, बिजली, सड़क, पेंशन, राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतें एवं मांगें प्राप्त हुईं, जिनके निराकरण के लिए मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की गई.अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई. साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई. अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि शेष समस्याओं का भी शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा.ग्रामीणों ने गांव स्तर पर आयोजित इस विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचकर समस्याएं सुनना एवं उनका तत्काल निराकरण करना सराहनीय पहल है.

# धामनिया की दो छात्राएं सड़क हादसे में घायल



▶ विधायक ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 23 मई. ग्राम धामनिया की दो छात्राएं प्रिया एवं दिया सड़क हादसे में घायल हो गईं. दोनों बालिकाएं कॉलेज से परीक्षा देकर अपने घर लौट रही थीं, तभी रास्ते में एक फोर व्हीलर वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी. हादसे में दोनों छात्राएं घायल हो गईं. जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने तत्काल पुलिस से चर्चा की.**

विधायक ने पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. साथ ही घायल छात्राओं के बेहतर उपचार की व्यवस्था करने और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषियों के खिलाफ सख्त एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

# राजस्व प्रकरणों का हो रहा त्वरित निराकरण




**नवभारत न्यूज**

**माखननगर, 23 मई. कलेक्टर द्वारा नियमित रूप से निर्देशित किये जाने से माखननगर तहसील में राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के निराकरण में तेजी आई है.**

इस वर्ष 437 नामांतरण बंटवारा व सीमांकन के प्रकरणों का निपटारा किया गया है. कानून व्यवस्था एवं आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के त्वरित क्रियान्वन से राहत मिल रही है.

शासन द्वारा राजस्व मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से न्यायिक एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कार्यों को पृथक करते हुए पूर्णकालिक न्यायिक तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की व्यवस्था लागू की गई है. तहसीलदार महेंद्र चौहान एवं नायब तहसीलदार सुनील गढ़वाल प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक प्रकरणों को सुना जा रहा है.

इसी प्रकार न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा माखन नगर क्षेत्र के प्रकरणों की सुनवाई प्रति मंगलवार तहसील माखननगर में की जा रही है. जिससे समस्याओं का निराकरण मुख्यालय पर ही हो रहा है. गैर न्यायिक कानून व्यवस्था एवं प्रोटोकाल ड्यूटी हेतु नायब तहसीलदार श्रद्धा गोस्वामी की पदस्थापना की गई है.

## डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ाने का किया विरोध

**इटारसी, 23 मई.** जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि डीजल एवं पेट्रोल के दाम तीसरी बढ़ाए गए हैं, जो चिंताजनक हैं. उन्होंने कहा कि पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने से रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के भी दाम बढ़ने की संभावना बढ़ गई है. इससे आम जनों के घर का बजट बिगड़ सकता है.

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो भारतीय जनता पार्टी के लोग 10 पैसे भी बढ़ाने पर हंगामा करते थे परंतु अब उनका मौन होना यह दर्शाता है कि उसे आम जन की परेशानी से कोई लेना-देना नहीं है. पांडेय ने सरकार से मांग की है कि आम जनों के हित में सरकार डीजल एवं पेट्रोल के दाम करे.

## ▶ बुजुर्ग महिला को पुलिस संरक्षण में भिजवाया



**सिवनी मालवा 23 मई .** जनपद पंचायत सदस्य शेर सिंह दरबार की सजगता से देर रात धर्मकुंडी बस स्टैंड पर लावारिस हालत में बैठी अज्ञात बुजुर्ग महिला को सुरक्षित पुलिस संरक्षण में भिजवाया गया .जानकारी के अनुसार लगभग 70 वर्ष से अधिक उम्र की एक बुजुर्ग महिला पिछले करीब 5 घंटे से धर्मकुंडी बस स्टैंड पर अकेली बैठी थीं . रात अधिक होने के बाद भी उन्हें लेने कोई नहीं आया . वहां से गुजर रहे जनपद सदस्य शेर सिंह दरबार की नजर महिला पर पड़ी . पूछताछ करने पर महिला अपना नाम, पता अथवा परिजनों की जानकारी स्पष्ट रूप से नहीं बता सकीं . महिला के गले में सोने के आभूषण तथा पैरों में भारी चांदी के कड़े थे . सुनसान बस स्टैंड पर इस स्थिति को देखते हुए जनपद सदस्य शेर सिंह दरबार ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी . पुलिस मौके पर पहुंची और बुजुर्ग महिला को सुरक्षित थाने भिजवाया गया .

## जागरण मंच का तीन दिनी प्रशिक्षण



**हरदा, 23 मई.** स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी मंच द्वारा प्रांतीय विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग का तीन दिवसीय आयोजन माहेश्वरी धर्मशाला में किया जा रहा है. यह जानकारी देते हुए डॉ.एल.एन. पाराशर सह प्रबंधक प्रांतीय प्रशिक्षण एवं विचार वर्ग ने बताया कि प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग में प्रांत तथा राष्ट्रीय स्तर के विद्वान मध्य प्रांत के 16 जिलों से आये हुए स्वयं सेवकों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों , व्यापारियों को तत्कालीन परिस्थितियों में आचरण तथा व्यवहार को कैसे रखें,ऐसे ज्वलंत मुद्दों पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है. मुख्य वक्ता के रूप में सतीश कुमार अखिल भारतीय सह संगठक स्वदेशी जागरण मंच 24 मई को समापन सत्र में अपना संबोधन देंगे.

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित

**माखननगर, 23 मई.** एकिडना के वित्तीय सहयोग और एकलव्य संस्था द्वारा माखननगर ब्लॉक की 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता वर्धन दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में ब्लॉक कॉर्नर, लाइब्रेरी कॉर्नर, म्यूजिक कॉर्नर और फेंटेसी कॉर्नर पर कुछ रीडिंग और गतिविधियों द्वारा कैसे बच्चों के भाषाई कौशल, कल्पना शक्ति, स्मरण शक्ति,सामाजिक , शारीरिक, बौद्धिक सहित सर्वांगीण विकास में सहायक है, इस पर मार्गदर्शन दिया गया. इन कॉर्नर में सहायक सामग्री भी वितरित की गई.




इस कार्यशाला में कोसा अहिरवार, शोभा यादव ,रानी मालवीय ,लीला, रेखा ,ममता यादव, सुनीता ,अनीता, और सरोज यादव शामिल रही. एकलव्य संस्था से मेलोडी,रामभरोस, श्रद्धा, नीति और मुकेश शामिल रहे.

## जेई ने किसान से किया अभद्र व्यवहार

**बनखेड़ी, 23 मई.** बिजली विभाग के जेई महेंद्र गोंडे ने समाधान शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंचे किसान से अभद्र व्यवहार किया. इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया.चांदोन वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मलकजरा में आयोजित समाधान शिविर में यह घटना हुई.

डीई पिपरिया दिनेश भदौरिया से इस संबंध में बात की तो उन्होंने कहा कि शिविर में हुए घटनाक्रम के तथ्यों और वायरल वीडियो के आधार पर जांच करा रहे है.

धार्मिक ▶ महाकाली मंदिर परिसर में चल रही भागवत कथा में पंडित अनिल तिवारी ने कहा

# भगवान की शरण में चिंताएं खत्म हो जाती हैं

**नवभारत न्यूज**

**पिपरिया, 23 मई. महाकाली मंदिर समिति एवं श्री हनुमान व्यायाम शाला समिति के तत्वावधान में महाकाली मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है. इस अवसर पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने व्यासपीठ पर पहुंचकर भगवान की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया.**

व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए पंडित अनिल तिवारी ने कहा कि जब मनुष्य भगवान की शरण में चला जाता है, तब उसकी सभी चिंताएं समाप्त हो जाती हैं. उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन के प्रत्येक सुख-दुख में ईश्वर पर अटूट विश्वास रखने का आह्वान करते हुए कहा कि सच्ची भक्ति ही मानव जीवन का सबसे बड़ा आधार है. भगवान अपने भक्तों का कभी साथ नहीं छोड़ते और उचित समय पर उनका कल्याण अवश्य करते हैं.

पंडित तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य रासलीला, अक्रूर जी के साथ उनके मथुरा आगमन तथा अत्याचारी राजा कंस के वध का मार्मिक वर्णन किया. उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना और भक्तों के उद्धार के लिए अनेक लीलाएं कीं. इसके साथ ही श्रीकृष्ण एवं बलराम के गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण करने तथा श्रीकृष्ण-रुक्मिणि विवाह के प्रसंग को भी विस्तारपूर्वक सुनाया. उन्होंने भगवान जगन्नाथ के दर्शन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी विशाल एवं सदैव खुली रहने वाली आंखें भक्तों पर निरंतर बनी रहने वाली कृपा दृष्टि का प्रतीक हैं. वे भक्तों की हर पल रक्षा करते हैं और उनकी प्रत्येक प्रार्थना को सुनते हैं.

## शंकरजी प्रकृति का स्वरूप हैं : शास्त्री

**पिपरिया, 23 मई .** कथावाचक प्रदीप कृष्ण शास्त्री ने शिवपुराण कथा के तीसरे दिन अपने प्रवचन में कहा कि भगवान शंकर प्रकृति का स्वरूप हैं . इंदिरा गांधी वार्ड में चौहान परिवार द्वारा आयोजित शिवपुराण कथा में शास्त्री द्वारा अपरान्ह 4 बजे से शाम 7 बजे तक भगवान शंकर जी से जुड़े धार्मिक प्रसंग सुनाए . आयोजन में रोज नई धार्मिक झांकियां भी प्रस्तुत की जा रही हैं . कथा में तीसरे दिन हनुमान जी की आकर्षक धार्मिक चलित झांकी सजाई गई . शास्त्रीजी ने कहा कि प्रकृति का ऋण हमारे ऊपर है . उसे उतारने आप और हम ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं और अपने वातावरण को हर भरा बनाएं . भगवान शंकर ही प्रकृति का स्वरूप हैं . उन्हें प्रसन्न करने के लिए हमे पेड़ पौधे लगाना चाहिए . शास्त्री ने श्रद्धालुओं से जन्मदिन या सालगिरह पर पौधे लगाने की प्रवचन में ही अपील की . उन्होंने कहा कि सरकार ने नर्मदा जी किनारे पेड़ लगाए थे, जिनका आज तक पता नहीं . ऐसा पौधारोपण नहीं करना . जो पौधा लगाओ उसकी देखरेख भी करो .

# शौर्य प्रशिक्षण में शामिल होने रवाना हुईं बहनें

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 23 मई. सिवनी मालवा नगर एवं ग्रामीण अंचल की दुर्गावाहिनी कार्यकर्ता सात दिवसीय प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने के लिए भोपाल रवाना हो गईं. बानापुरा रेलवे स्टेशन पर विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया.**

दुर्गावाहिनी का यह प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग 23 से 30 मई तक शारदा विहार भोपाल में आयोजित किया जाएगा. प्रशिक्षण का उद्देश्य बहनों में बौद्धिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक विकास के साथ राष्ट्र निर्माण के प्रति दायित्व बोध तथा सांस्कृतिक चेतना का विस्तार करना है. नगर



संयोजिका रिंकी नाथ एवं ग्रामीण प्रखंड प्रभारी मोना दायमा के नेतृत्व में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की दुर्गावाहिनी बहनें भोपाल के लिए रवाना हुईं.

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर की उपस्थिति में पार्षद डॉ. किरण राठौर सहित कार्यकर्ताओं ने सभी बहनों को तिलक लगाकर, हार-माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया. इस अवसर पर प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर, पार्षद डॉ. किरण राठौर, सुशील गोहर, भूरू बग्गन, विनोद रघुवंशी, प्रदीप केथवास, गणेश केथवास, मनीष वर्मा, रजेश चौहान, मन्नू केवट आदि उपस्थित